**दिनांक 24.02.2026 को मुख्य अभियंता (द0), भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थान, गया जी के अतिरिक्त कार्य (Conference Hall at Main Building, Dinning Area at Canteen in Basement of Niranjana Mess, Stainless Steel Railing Work & Other Miscellaneous work) के निर्माण कार्य हेतु प्राप्त तकनीकी बीड पर विचार हेतु तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही :-**

उपस्थितिः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | **श्री मनोज कुमार सिंह,**<br>मुख्य अभियंता (दक्षिण),<br>भवन निर्माण विभाग, पटना। | - | **अध्यक्ष** |
| (ii) | **श्री अभय कुमार सिंह,**<br>अधीक्षण अभियंता,<br>भवन अंचल, गया जी। | - | **सदस्य** |
| (iii) | **श्री अखिलेश कुमार,**<br>कार्यपालक अभियंता,<br>भवन प्रमंडल, गया जी। | - | **सदस्य** |

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | -प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थान, गया जी के अतिरिक्त कार्य (Conference Hall at Main Building, Dinning Area at Canteen in Basement of Niranjana Mess, Stainless Steel Railing Work & Other Miscellaneous work) के निर्माण कार्य। |
| 2 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | - ₹ 6,46,97,957/- (संयुक्त सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग का ज्ञापांक-5723 दिनांक-28.03.2025)। |
| 3 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | - ₹ 5,45,68,000/- (मु0अभि0 (नि0) का पत्रांक-591(नि0) अनु0 दिनांक-06.06.2025)। |
| 4 | परिमाण विपत्र की राशि | - ₹ 5,42,57,908/- (असैनिक कार्य) |
| 5 | निविदा की राशि | - ₹ 6,34,03,650/- |
| 6 | निविदा आमंत्रण सूचना सं0 एवं प्रसंग | - पी0आर0संख्या-017699(भ0) 25-26 दैनिक समाचार पत्र में दिनांक-18.11.2025 में प्रकाशित। |
| 7 | निविदा आमंत्रण की तिथि | - 18.11.2025 |
| 8 | प्री-बीड की बैठक की तिथि | - 08.12.2025 / 15.12.2025 |
| 9 | निविदा की तिथि | - 22.12.2025 |
| 10 | निविदा खोलने की तिथि | - 23.12.2025 |
| 11 | <u>निविदादाता का नाम एवं पता</u> | -(1) राज कंसट्रक्सन, ओबरा, औरंगाबाद।<br>(2) सरयुग गौतम कंसट्रक्सन प्रा0 लि0, हरमू हाउसिंग कॉलनी, कुडरू, रॉची, झारखंड। |

12 <u>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का मंतव्यः-</u>

<u>प्रथम बार आमंत्रित ई-निविदा की कार्यवाहीः-</u>

इस निविदा में दोनों निविदाकार के असफल होने के कारण निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया।

E:/V/T.P-1/2026/docx 71

**द्वितीय बार आमंत्रित ई-निविदा (वर्त्तमान) की कार्यवाहीः-**

दिनांक 07.01.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक मे (1) राज कंसट्रक्सन, ओबरा, औरंगाबाद (2) सरयुग गौतम कंसट्रक्सन प्रा0 लि0, हरमू हाउसिंग कॉलनी, कुडरू, रॉची, झारखंड को सफल घोषित किया गया था।

पुनः दिनांक 24.02.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक मे कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, गया जी द्वारा निविदा मे शामिल कुल दो निविदाकार द्वारा अपलोड किये गये निविदा कागजातों को डाउनलोड कर समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। तकनीकी बीड के अभिलेखों की जॉच व तकनीकी मूल्यांकन किये जाने का निर्णय इस शर्त्त के साथ लिया गया कि भाग लेने वाले निविदाकार द्वारा एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(b) के तहृत समर्पित किये गये समान प्रकृति कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र की जॉच में यदि अनुभव प्रमाण-पत्र फर्जी/जाली/गलत पाया जाता है, तो उक्त संबंधित निविदाकार पर बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली-2007 के तहृत समुचित कार्रवाई की जा सकेगी। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा दो निविदाकार का तकनीकी बीड के अभिलेखों को जॉच किया गया है, जॉचोपरांत निम्नवत पाया गयाः-

**प्रथम निविदाकार** राज कंसट्रक्सन, ओबरा, औरंगाबाद द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं में इन्हें **''रिसपॉन्सिव''** पाया गया।

**द्वितीय निविदाकार** सरयुग गौतम कंसट्रक्सन प्रा0 लि0, हरमू हाउसिंग कॉलनी, कुडरू, रॉची, झारखंड द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत पाया गया कि निविदा की शर्त्तो में मांगी गयी Section2-1.4(B) "Amount of Works Bid already Submitted के विरूद्ध निविदाकार द्वारा उपलब्ध करायी गयी दस्तावेज सही नहीं पाये जाने के कारण Section2-1.4(B) के तहृत इन्हें **''नॉन-रिसपॉन्सिव''** पाया गया।

इस प्रकार दो निविदाकार में से एक निविदाकार को **''रिसपान्सिव''** एवं एक निविदाकार को तकनीकी बीड में **''नॉन-रिसपान्सिव''** पाया गया।

13 **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का निर्णयः-**

विभागीय पत्रांक-6290(भ0) दिनांक-07.07.2025 के आलोक में सम्यक् विचारोपरांत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से पूर्व में प्रकाशित निविदा की शर्त्तो में बदलाव होने के कारण इस निविदा को प्रथम बार आमंत्रित निविदा मानते हुए एवं इस निविदा में एकमात्र निविदाकार सफल होने के कारण वित्त विभाग के पत्रांक-7806 दिनांक-30.09.2016 के आलोक मे निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया।

अन्त में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

| | | |
|---|---|---|
| ह0/- | ह0/- | ह0/- |
| (अखिलेश कुमार) | (अभय कुमार सिंह) | (मनोज कुमार सिंह) |
| कार्यपालक अभियंता, | अधीक्षण अभियंता, | मुख्य अभियंता (द0), |
| भवन प्रमंडल, गया जी। | भवन अंचल, गया जी। | भवन निर्माण विभाग, |
| | | बिहार पटना। |

ज्ञापांकः-भवन/मु0अभि0(द0)यो0विविध-08-269/2009........688 ........ पटना/दिनांक....24.02.26

प्रतिलिपिः- आई0 टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

मुख्य अभियंता (द0)।

E:/V/T.P-1/2026/docx 72